# अध्याय - 3 | नात्सीवाद और हिटलर का उदय

## QUIZ-01

मिशन ज्ञान

**1. हिटलर कब जर्मनी का चांसलर बना?**

A. 1928 B. 1933

C. 1939 D. 1945 (B)

*व्याख्या:* 30 जनवरी 1933 को हिटलर को चांसलर नियुक्त किया गया था।

**2. 1933 का एनाब्लिंग एक्ट जर्मनी में क्या स्थापित करता था?**

A. नया संविधान B. तानाशाही

C. लोकतंत्र

D. प्रथम विश्व युद्ध का अंत (B)

*व्याख्या:* एनाब्लिंग एक्ट ने हिटलर को संसद के बिना शासन करने का अधिकार दिया, जिससे तानाशाही स्थापित हुई।

**3. नात्सी विचारधारा में 'आर्यन' जाति के बारे में क्या विश्वास था?**

A. यह हीन जाति थी

B. यह सबसे श्रेष्ठ और शक्तिशाली जाति थी

C. इसे सभी जातियों से मिलना चाहिए था

D. इसे जर्मनी छोड़ देना चाहिए था (B)

*व्याख्या:* नात्सियों का विश्वास था कि नॉर्डिक जर्मन आर्यन जाति श्रेष्ठ थी और अन्य जातियों पर शासन करना चाहिए।

**4. 1935 के न्यूरेम्बर्ग कानूनों का उद्देश्य क्या था?**

A. यहूदियों को मतदान का अधिकार देना

B. लोकतंत्र को बढ़ावा देना

C. यहूदियों को जर्मन नागरिकता से वंचित करना

D. अंतर्राष्ट्रीय शांति को बढ़ावा देना (C)

*व्याख्या:* न्यूरेम्बर्ग कानूनों ने यहूदियों को नागरिकता से बाहर कर दिया और जर्मनों और यहूदियों के बीच विवाह पर रोक लगाई।

**5. नात्सी विचारधारा में 'लेबेन्स्राउम' का क्या अर्थ है?**

A. जर्मनों के लिए रहने की जगह B. शांति संधि

C. नस्लीय समानता D. कृषि सुधार (A)

*व्याख्या:* 'लेबेन्स्राउम' का अर्थ था जर्मन लोगों के लिए नए क्षेत्र जीतना और वहां बसाना।

**6. 1929 के बाद जर्मनी को कौन सा आर्थिक संकट झेलना पड़ा?**

A. अत्यधिक मुद्रास्फीति (हाइपरइन्फ्लेशन)

B. महामंदी (ग्रेट डिप्रेशन) C. वॉल स्ट्रीट बूम

D. शीत युद्ध (B)

*व्याख्या:* महामंदी ने बेरोजगारी और गरीबी को जन्म दिया और जर्मनी की स्थिति को खराब किया।

**7. 'टूटी कांच की रात'(नाइट ऑफ ब्रोकन ग्लास) किस घटना को कहा जाता है?**

A. राइखस्टैग पर हमला B. यहूदियों का नरसंहार

C. 1938 में यहूदी संपत्तियों का विध्वंस

D. हिटलर की गिरफ्तारी (C)

*व्याख्या:* नवंबर 1938 में, यहूदी दुकानों और आराधनालयों को नष्ट कर दिया गया, जिसे 'क्रिस्टलनाख्ट' कहा गया।

**8. सितंबर 1941 से यहूदियों को कौन सा प्रतीक पहनना पड़ा?**

A. लाल क्रॉस B. पीला डेविड स्टार

C. काला वृत्त D. नीला वर्ग (B)

*व्याख्या:* यहूदियों को अपनी पहचान के लिए पीला डेविड स्टार पहनने के लिए मजबूर किया गया था।

**9. यहूदियों के सामूहिक वध के लिए नात्सियों ने किस शब्द का प्रयोग किया?**

A. फाइनल सॉल्यूशन B. न्यू ऑर्डर

C. आर्यन क्रांति D. लेबेनसराम (A)

*व्याख्या:* 'फाइनल सॉल्यूशन' शब्द का उपयोग यहूदियों के नियोजित विनाश के लिए किया गया था।

**10. 'डावेस योजना' का उद्देश्य जर्मनी के लिए क्या था?**

A. सैन्य शक्ति बढ़ाना

B. पुनर्भुगतान में मदद करना और अर्थव्यवस्था को स्थिर करना

C. जर्मन उपनिवेशों का विस्तार करना

D. हिटलर को सत्ता से हटाना (B)

*व्याख्या:* डावेस योजना ने जर्मनी की पुनर्भुगतान शर्तों को आसान किया और 1923 के बाद उसकी अर्थव्यवस्था को बहाल किया।